जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/714 **दिनांक : 06.04.2024**

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध शासकीय, अनुदानित एवं अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- **विश्वविद्यालयीन स्नातक- बी.ए., बी.कॉम., बी.एस-सी., बी.एस-सी. (होम साइंस) तृतीय वर्ष मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2024 हेतु परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर/टेन्ट की व्यवस्था किये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय की स्नातक- बी.ए.,बी.कॉम., बी.एस-सी.,बी.एस-सी. (होम साइंस) तृतीय वर्ष मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2024 दिनांक 08.04.2024 से प्रारम्भ हो रही है। जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा जिन शासकीय अथवा अशासकीय महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, अगर वहां पर परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है तथा उनके पास फर्नीचर की कमी है, ऐसे महाविद्यालयों द्वारा फर्नीचर एवं टेन्ट की व्यवस्था उन महाविद्यालयों से सहयोग लेकर की जाये जिनके छात्रों की परीक्षा हो रही है/ महाविद्यालय परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु बाजार से भी किराये पर फर्नीचर एवं टेन्ट की व्यवस्था कर सकते हैं तथा किराये का समायोजन परीक्षा संचालन व्यय में से किया जा सकता है। राशि कम होने पर पृथक से विश्वविद्यालय को अतिरिक्त भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाये तथा केन्द्राध्यक्ष परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप-कुलसचिव(परीक्षा)